<u>कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई)</u>

नवंबर, 2019 माह हेतु मासिक सारांश

<u>नवंबर, 2019 माह की महत्वपूर्ण घटनाएं निम्नानुसार है:</u>

(क) उद्यमशीलता विकास के क्षेत्र में युवा उद्यमियों तथा ईकोसिस्टम निर्माताओं को उनके बेहतर योगदान को मान्यता तथा सम्मान देने के लिए राष्ट्रीय उद्यमशीलता पुरस्कार स्कीम का चौथा संस्करण 09 नवंबर, 2019 को आयोजित किया गया था, जिसमें दो श्रेणी अर्थात उद्यम (30 पुरस्कार) तथा ईकोसिस्टम निर्माता (6 पुरस्कार) में 36 पुरस्कार दिए गए थे। विजेताओं को एमएसडीई द्वारा प्रवासी भारतीय केंद्र, दिल्ली में आयोजित शानदार पुरस्कार समारोह में सम्मानित किया गया तथा ट्रॉफी, प्रमाण-पत्र तथा 5 लाख रुपए (उद्यमियों/व्यक्तियों) और 10 लाख रुपए (संगठनों/संस्थानों) का नकद पुरस्कार प्रदान किया गया था।

(ख) एमएसडीई ने मौजूदा आजीविका गतिविधियों को पुन: आरंभ करके तथा/अथवा मौजूदा उद्यमों का स्तर बढ़ाकर चुने गए शहरों में उद्यमशील गतिविधियों को बढ़ाने के उद्देश्य से देश के छह पवित्र शहरों (पुरी, वाराणसी, हरिद्वार, कोल्लूर, पंढरपुर और बौध गया) में उद्यमशीलता विकास पर एक परियोजना तैयार की है।

(ग) एमएसडीई, भारत सरकार और जर्मन जनवादी गणतंत्र के संघीय शिक्षा तथा अनुसंधान मंत्रालय संघीय आर्थिक सहयोग तथा विकास मंत्रालय के बीच कौशल विकास और व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण के क्षेत्र में आशय की संयुक्त घोषणा पर 01 नवंबर, 2019 को दिल्ली में हस्ताक्षर किए गए।

(घ) जर्मन जनवादी गणतंत्र के संघीय आर्थिक सहयोग तथा विकास मंत्रालय और सिमेन्स लिमिटेड, भारत एवं एमएसडीई, भारत सरकार के बीच उचित मॉडलों के माध्यम से दोहरी वीईटी (व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण) पहलों के कार्यान्वयन के क्षेत्र में आशय की संयुक्त घोषणा पर 01 नवंबर, 2019 को दिल्ली में हस्ताक्षर किए गए।

(ड.) भारत-जर्मनी व्यावसायिक शिक्षा तथा प्रशिक्षण कार्यक्रम (आईजी-वीईटी परियोजना) के क्षेत्र में एमएसडीई, भारत सरकार और डॉयचे गेलशेचाफ्ट फॉर इंटरनेशनेल ज़ुसमेनरबीट (जीआईजेड) जीएमबीएच, जर्मनी के बीच 08 नवंबर, 2019 को नई दिल्ली में अनुपूरक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।

(च) एमएसडीई, भारतीय पर्वतारोहण फाउंडेशन (आईएमएफ), राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) और पर्यटन तथा आतिथ्य क्षेत्र कौशल परिषद (टीएचएसएससी) के अधिकारियों की उपस्थिति में पर्वतारोहण और साहसिक गितविधियों से संबंधित कौशलीकरण के बारे में विचार-विमर्श करने के लिए दिनांक 06 नवंबर, 2019 को एमएसडीई में एक

बैठक का आयोजन किया गया था। विचार किए गए विभिन्न मुद्दों में पर्वतारोहण और साहसिक गतिविधियों से संबंधित चुनिंदा जॉब रोलों संबंधी आरपीएल कार्यक्रमों को पीएमकेवीवाई (2016-20) के अंतर्गत प्रायोगिक आधार पर कार्यान्वित किया जाएगा। आईएमएफ के परामर्श से टीएचएसएससी पीएमकेवीवाई (2016-2020) के सीएससीएम घटक के अंतर्गत निर्धारित प्रपत्र पर आरपीएल संबंधी विस्तृत प्रस्ताव प्रस्तुत करेगा। सहज कौशलीकरण और उद्यमशीलता का अंग्रेजी, नियोजनीयता और उद्यमशीलता (3ई) मॉड्यूल आरपीएल कार्यक्रम का अभिन्न अंग होंगे। रक्षा मंत्रालय के अधीन संस्थान इस आरपीएल कार्यक्रम के अंतर्गत ऑन बोर्ड होने चाहिए। आईएमएफ पर्वतारोहण और साहस से संबंधित क्षेत्र में पेशेवर निकाय बनाने के लिए विचारों के अंकुरण का बीजारोपण शुरू करेगा।

(छ) <u>जन शिक्षण संस्थान (जेएसएस) स्कीम के अंतर्गत प्रगति</u>: जेएसएस पाठ्यक्रमों के लिए अ.जा. और अ.ज.जा. श्रेणी के लाभार्थियों के अलावा दिव्यांगजन तथा समाज के कमजोर वर्गों के लोगों अर्थात बीपीएल के लिए भी शुल्क माफ कर दिया गया है। स्थानीय पारंपरिक कौशलों का संरक्षण और उन्हें प्रोत्साहित करने की दृष्टि से सभी जेएसएस से कम से कम एक स्थानीय पारंपरिक कौशल की पहचान करने और ऐसे कौशलों के लिए वर्ष में कम से कम चार बेच चलाने के लिए कहा गया है।

(ज) <u>आजीविका के लिए कौशल अर्जन और ज्ञान जागरूकता (संकल्प) कार्यक्रम के अंतर्गत प्रगति:</u> संकल्प कार्यक्रम से संबंधित हितधारकों द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रस्तावों की उपयुक्तता का मूल्यांकन करने के लिए परियोजना स्क्रीनिंग समिति की पांचवी बैठक आयोजित की गई। संकल्प परियोजना के प्रयासों और संचालन के लिए कार्यक्रम अनुमोदन/मूल्यांकन बोर्ड की पांचवी बैठक आयोजित की गई। राज्य प्रोत्साहन अनुदान (एसआईजी) बेसलाइन की स्थिति और संकल्प के अंतर्गत राज्य प्रस्ताव प्रस्तुत करने की समीक्षा करने के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के साथ वीडियो कॉफ्रेंसिंग की गई। छत्तीसगढ़, ओडिशा, त्रिपुरा, मध्यप्रदेश और तमिलनाडु राज्यों को राज्य प्रोत्साहन अनुदान जारी किया गया। प्रथम दो वर्षों के लिए संवितरण संबद्ध संकेतकों (डीएलआई) 1 और 4 की उपलब्धियों का सत्यापन स्वतंत्र सत्यापन एजेंसी द्वारा किया गया और सत्यापन रिपोर्ट को 17,767,173 अमरीकी डॉलर की राशि उन्मोचित करने के लिए विश्व बैंक के साथ साझा किया गया।

****